दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सफलता का रास्ता भाग्य से नहीं, बल्कि रोज़ की छोटी-छोटी मेहनत और निरंतर प्रयास से बनता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-133 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## प्रेम की जड़ें सम्मान में ही फलती हैं

**कभी एक वृद्ध माली से किसी ने पूछा–** 'आपके बगीचे के फूल इतने सुंदर और सुगंधित कैसे हैं?' माली मुस्कुराया और बोला– 'मैं इन्हें सिर्फ पानी नहीं देता, इन्हें सम्मान भी देता हूँ।' यह उत्तर सुनकर व्यक्ति चकित रह गया, लेकिन इस छोटे से कथन में जीवन का एक गहरा सत्य छिपा है। ठीक उसी प्रकार जैसे एक पौधा केवल पानी से नहीं, बल्कि सही वातावरण, देखभाल और संवेदनशीलता से पनपता है, वैसे ही प्रेम भी केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि सम्मान की मजबूत नींव पर टिका होता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

आज के समय में प्रेम की परिभाषा तेजी से बदल रही है। लोग प्रेम को केवल आकर्षण, भावनात्मक जुड़ाव या साथ रहने तक सीमित कर देते हैं, लेकिन यह समझना आवश्यक है कि प्रेम की वास्तविक शक्ति सम्मान में निहित होती है। जहां सम्मान नहीं है, वहां प्रेम अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता। प्रेम एक कोमल अनुभूति है, जिसे संजोने के लिए संवेदनशीलता और परिपक्वता की आवश्यकता होती है। जब हम किसी व्यक्ति का सम्मान करते हैं, तो हम उसके अस्तित्व, विचारों और भावनाओं को स्वीकार करते हैं। हम यह संदेश देते हैं कि 'आप महत्वपूर्ण हैं, आपकी भावनाएं मायने रखती हैं।' यही भावना किसी भी रिश्ते को मजबूती प्रदान करती है। इसके विपरीत, जहां बार-बार अपमान, उपेक्षा या तिरस्कार होता है, वहां प्रेम धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। असुरक्षा की भावना जन्म लेती है और रिश्ते में दरारें आने लगती हैं।

हम अक्सर देखते हैं कि कई रिश्ते समय के साथ टूट जाते हैं। इसका मुख्य कारण प्रेम की कमी नहीं, बल्कि सम्मान की कमी होती है। जब किसी की बातों को नजरअंदाज किया जाता है, उसकी भावनाओं को हल्के में लिया जाता है या उसकी स्वतंत्रता को सीमित किया जाता है, तो वह व्यक्ति भीतर ही भीतर टूटने लगता है। ऐसे में प्रेम केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाता है। एक रोचक प्रसंग इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक युवा दंपत्ति के बीच अक्सर विवाद होता था। पति अपनी पत्नी से प्रेम तो करता था, लेकिन उसके विचारों को महत्व नहीं देता था। एक दिन पत्नी ने शांत स्वर में कहा– 'मुझे तुम्हारे प्रेम से शिकायत नहीं है, लेकिन तुम्हारे व्यवहार में सम्मान की कमी है।' यह बात पति के हृदय को छू गई। उसने समझा कि प्रेम केवल 'मैं तुम्हें चाहता हूँ' कह देने से पूरा नहीं होता, बल्कि यह 'मैं तुम्हें समझता और स्वीकार करता हूँ' में निहित है। इसके बाद उनके रिश्ते में सकारात्मक बदलाव आया। प्रेम को जबरदस्ती थामकर नहीं रखा जा सकता। यह एक स्वतंत्र पक्षी की तरह है, जो उसी स्थान पर ठहरता है जहां उसे सुरक्षा, सम्मान और अपनापन मिलता है। यदि किसी रिश्ते में बार-बार अपमान या असंवेदनशीलता का अनुभव होता है, तो वह पक्षी उड़ जाता है और फिर लौटकर नहीं आता। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने व्यवहार में विनम्रता, सहानुभूति और सम्मान को स्थान दें।

आज के आधुनिक जीवन में, जहां प्रतिस्पर्धा और व्यस्तता बढ़ती जा रही है, रिश्तों के लिए समय निकालना और उन्हें समझना एक चुनौती बन गया है। ऐसे में सम्मान का महत्व और भी बढ़ जाता है। छोटी-छोटी बातों में एक-दूसरे की सराहना करना, उनकी बातों को ध्यान से सुनना, उनकी सीमाओं का आदर करना–ये सभी चीजें प्रेम को गहराई प्रदान करती हैं। यह भी सत्य है कि जहां आपकी भावनाओं की कद्र होती है, वहां छोटा सा स्नेह भी गहरे रिश्ते में बदल जाता है। इसके विपरीत, जहां आपकी भावनाओं को नजरअंदाज किया जाता है, वहां बड़े से बड़ा प्रेम भी टिक नहीं पाता। इसलिए हमें यह समझना होगा कि प्रेम केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए सम्मान अनिवार्य है।

**अंततः**, यदि हम अपने जीवन में स्थायी और समृद्ध प्रेम चाहते हैं, तो हमें उसे केवल महसूस करने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उसे अपने व्यवहार में उतारना होगा। प्रेम को सम्मान देना, उसकी गरिमा को समझना और उसे सहेजकर रखना ही सच्चे रिश्तों की पहचान है।

इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि प्रेम की जड़ें तभी मजबूत होती हैं, जब उन्हें सम्मान का जल मिलता है। जहां सम्मान है, वहां प्रेम फलता-फूलता है, और जहां सम्मान का अभाव है, वहां प्रेम धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। यही जीवन का सच्चा और अटल सत्य है।

# राजनीतिक नियुक्तियां समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेः वसुंधरा

### अवसरवादियों को नहीं; युवा तो हम हमेशा रहेंगे, यह दिल की बात है

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा- राजनीति में उतार चढ़ाव आते हैं। कई लोग ऐसे हैं, जो दल बदल लेते हैं, लेकिन दिल नहीं बदलते। मानसिकता वही रहती है। उन्होंने कहा- ऐसा भी होता है, जो दल बदल लेते हैं, वह दिल भी बदल लेते हैं। पार्टी में जैसे दूध में शक्कर मिलती है, वैसे मिल जाते हैं। लेकिन जो मूल विचारधारा के नेता, कार्यकर्ता हैं, उनको सम्मान मिलना चाहिए। हमको खतरा उनसे है, जो अपना खुद का सोचते हैं। पार्टी का क्या होगा, इसका नहीं सोचते हैं। जयपुर में बीजेपी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सोमवार को वसुंधरा ने कहा- ऐसे तो कई हैं, जो इधर से उधर गए। उधर से इधर आए। फिर जीत गए। लेकिन नियुक्तियां उनको देनी चाहिए जो पार्टी के लिए समर्पित हैं। जो पार्टी के मूल कार्यकर्ता हैं। जिनमें संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के भाव हों। जिन्होंने पार्टी के लिए संघर्ष किया है। जो पार्टी विचारधारा के हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को ही मौका मिले,अवसरवादियों को नहीं। उन्होंने कहा- पद के लिए काम मत करो। काम करोगे तो पद चला के आएगा। अटलजी, आडवाणी जी ने पार्टी की कमान मेरी मां विजय राजे सिंधिया को सौंपनी चाही, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।



### हम तो जवान हैं

वसुंधरा ने जनसंघ के मुंबई अधिवेशन को याद करते हुए कहा कि उस समय हम सभी ने उसमें भाग लिया था। उस समय हम सब लोग यंग थे। तभी मंच से घनश्याम तिवाड़ी ने कुछ कहा। इस पर वसुंधरा ने कहा- युवा तो हम हमेशा रहेंगे, युवा तो दिल की बात है। उन्होंने घनश्याम तिवाड़ी से कहा- अब देखिए आपकी आवाज कितनी जोरदार है। हम तो जवान हैं।

### सीएम बोले- पार्टी को अजेय बनाना लक्ष्य

इससे पहले, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश बीजेपी कार्यालय और अपने निजी आवास पर पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सीएम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- केंद्र और राज्य में हमारी सरकार है, इसलिए हमें जनता के बीच में रहकर काम करना है।

### हमने बहुत सारे अप्स एंड डाउंस देखे हैं

वसुंधरा राजे ने अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा पर कहा- राज्यसभा में वैसे तो पुराने लोगों को भेजा जाता है। उम्रदराज लोगों को भेजा जाता है। लेकिन मेरे साथी सहयोगी, बहुत सालों से मंत्रिमंडल में भी मेरे साथ रहे, लड़े भी, हमारी लंबी हिस्ट्री है। ऐसे घनश्याम तिवाड़ी, कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा उनके साथ भी हमने बहुत सारे अप्स एंड डाउंस देखे हैं। मोर अप्स एंड डाउंस देखे हैं। लेकिन ये भी हमारे सहयोगी, साथी इतने सालों से रहे हैं।

### एक-एक कार्यकर्ता पर जिम्मेदारी है

**वसुंधरा राजे ने कहा-** बहुत लोगों ने अपना कंधा इस पार्टी को बढ़ाने के लिए लगाया है। मैं यह कह रही हूं कि अब हम बहुत सशक्त और मजबूत हाथों में हैं। लेकिन खाली उनके ऊपर छोड़कर हम यह सोचें कि हमें कुछ करने की जरूरत नहीं होगी।




मैं यह समझती हूं कि एक-एक कार्यकर्ता को यह ध्यान रखने की जरूरत है कि यह जो पार्टी है, एक के ऊपर नहीं अनेकों के ऊपर, अपने एक-एक कार्यकर्ता के ऊपर जिम्मेदारी छोड़ती है। इस पार्टी को मजबूत करने के लिए हम सब कार्यकर्ताओ को लगे रहना है। हम इस काम को अधूरा नहीं छोड़ सकते हैं। वसुंधरा ने कहा- हमारी सोच यह नहीं होनी चाहिए कि हमें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सब लोग बैठे हुए हैं, ये लोग संभाल लेंगे। हमको तो खाली पद चाहिए। मुझसे कार्यकर्ता कहते हैं कि आप बस बोल दीजिए, हमारा वह काम हो जाएगा। मैंने सबसे कहा- तुमको पद से क्या मतलब है भाई। अपना काम करो, पद अपने आप आ जाएगा।

## डीएमएफटी बैठकः नई गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में झुंझुनूं सांसद बिजेंद्र ओला, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, सूरजगढ़ विधायक श्रवण चौधरी, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी तथा पिलानी विधायक पितराम सिंह काला उपस्थित रहें। बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव ने केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में जारी नई गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी ट्रस्टियों को इसके प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र यथा स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यावरण, शिक्षा, महिला कल्याण, कौशल प्रशिक्षण इत्यादि पर 70 फीसदी व अन्य क्षेत्रों में अधिकतम 30 फीसदी व्यय किया जा सकेगा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित विभाग नई गाइडलाइन के अनुरूप अपने प्रस्ताव तैयार कर आगामी 15 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से भिजवाएं, ताकि उन्हें समय पर स्वीकृति प्रदान की जा सके।गौरतलब है कि नई गाइडलाइन के अनुसार खनन से प्रभावित क्षेत्र की परिधि अधिकतम 25 किलोमीटर मानी जाएगा। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं के विकास को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद है। बैठक में अधिकारियों ने यह भी कहा कि योजनाओं के चयन में पारदर्शिता और क्षेत्रीय आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि डीएमएफटी फंड का अधिकतम लाभ वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों तक पहुंच सके।

## राष्ट्रीय जाट महासंघ ने चिड़ावा में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि मनाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला संयोजक मनरूप सिंह माठ की अध्यक्षता में चिड़ावा स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स पर पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल (ताऊ) की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कैप्टन कुलदीप मान ने ताऊ देवीलाल की जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला सचिव हरिश फोगाट ने बताया कि चौधरी देवीलाल देश व समाज हितैषी महापुरुष थे, जिनसे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर मुकेश बराला, महेंद्र सिंह, राहुल कुमार, संजय, शक्ति सिंह, राजेन्द्र कुमार, अमित, सुमेर सिंह गढला व सतिश कुमार ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल (ताऊ) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर फूल चढ़ायें।



## परमहंस स्कूल चिड़ावा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया जिला टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

परमहंस स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा झुंझुनूं द्वारा आयोजित इस परीक्षा में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणामों में कक्षा 5 की छात्रा चेतना पुत्री मुकेश कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 6 के छात्र शौर्य पुत्र जयप्रमोद ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 6 की छात्रा रिद्धि पुत्री देवाराम ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों को झुंझुनूं के बसंत विहार पिलानी स्थित गायत्री चेतना केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि परमहंस स्कूल के विद्यार्थी न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में बल्कि शैक्षणिक व सह- शैक्षणिक क्षेत्रों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें, जिन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## नीमराना में डंपर पलटा, हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने बचाई बड़ी दुर्घटना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर नीमराना के जनकसिंहपुरा गांव के पास रविवार रात्रि को एक बड़ा हादसा होते-हते टल गया। रोड़ी से भरा एक डंपर चालक को अचानक नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी के नाले में पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और आसपास से गुजर रहे अन्य वाहन भी इसकी चपेट में नहीं आए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के दौरान डंपर में भरी रोड़ी हाईवे पर फैल गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और तुरंत जेसीबी मशीन बुलवाकर सड़क पर फैली रोड़ी को किनारे करवाया गया। इसके बाद क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त डंपर को सड़क किनारे हटाया गया और हाईवे पर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया गया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम की तत्परता से यातायात व्यवस्था जल्दी ही सामान्य हो गई और एक बड़ा जाम लगने से बच गया।


# हरियाणा में SC आरक्षण लागू करने पर सख्ती

### सभी विभागों को रोस्टर रजिस्टर अपडेट करने के आदेश; रिप्लेसमेंट थ्योरी लागू

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियों (SC) के लिए आरक्षण को और भी बेहतर तरीके से लागू करने का फैसला किया है। सरकार ने सभी सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों को कहा है कि वे ग्रुप 'ए' और 'बी' पदों के लिए रोस्टर रजिस्टर (RR) बनाएं, उसे अपडेट करें और जांच भी करवाएं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस बारे में एक लेटर भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग रोस्टर रजिस्टर को सही रखें और अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से सत्यापित करवाएं। सरकार ने पहले 7 अक्टूबर, 2023 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें ग्रुप 'ए' और 'बी' श्रेणी के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को प्रमोशन में भी आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी। सरकार ने यह भी साफ किया है कि 15 जुलाई, 2014 के नियमों के अनुसार रोस्टर के जो पॉइंट्स तय किए गए हैं, वे वैसे ही रहेंगे। यह नियम सीधी भर्ती और प्रमोशन, दोनों पर लागू होगा। इसके अलावा, ग्रुप 'सी' और 'डी' कर्मचारियों के लिए 24 सितंबर, 2008 और 22 अक्टूबर, 2008 को जारी किए गए रोस्टर नियमों का भी सख्ती से पालन करने को कहा गया है। सरकार ने 'रिप्लेसमेंट थ्योरी' सहित रोस्टर पॉइंट्स का सही इस्तेमाल करने के लिए भी कहा है।




No. 22/19/2026-5HR-III
Government of Haryana
Human Resources Department
(Human Resources-III Branch)
Dated: Chandigarh the 06.04.2026

Subject :- Regarding verification of the Roster Register of Group 'A' and Group 'B' posts.

Sir/Madam,

Yours faithfully,

**मुलायम और गुलाबी होंठ हर किसी की चाहत होते हैं लेकिन बार-बार लिपस्टिक लगाने से होंठ ड्राई हो सकते हैं। ऐसे में आप घर पर प्राकृतिक चीजों की मदद से नेचुरल पिंक लिप बाम तैयार कर सकते हैं।**



# लिपस्टिक की नहीं पड़ेगी जरूरत! घर पर मिनटों में तैयार करें इन 5 चीजों से नेचुरल पिंक लिप बाम

खूबसूरत और गुलाबी होंठ चेहरे की रौनक बढ़ा देते हैं लेकिन प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल के कारण होंठों का कालापन एक आम समस्या बन गई है। बाजार में मिलने वाले लिप बाम अक्सर केमिकल से भरे होते हैं। ऐसे में चुकंदर लिप बाम एक जादुई घरेलू नुस्खा है जो आपके होंठों को नेचुरल गुलाबी रंगत देने के साथ-साथ उन्हें गहराई से मॉइस्चराइज भी करता है।

चुकंदर में प्राकृतिक रूप से गहरे लाल और गुलाबी रंग के तत्व पाए जाते हैं जो बिना किसी साइड इफेक्ट के होंठों की रंगत सुधारने में मदद करते हैं। यह न केवल होंठों के कालेपन को दूर करता है बल्कि इसमें मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को पोषण भी देते हैं। इसके लिए आप घर पर नेचुरल लिप बाम बना सकते हैं जो होठों के लिए सही साबित होगा।

### आवश्यक सामग्री

चुकंदर: 1 मध्यम आकार का (कद्दूकस किया हुआ)

नारियल तेल या बादाम तेल: 1 बड़ा चम्मच

शहद: आधा छोटा चम्मच (नेचुरल चमक के लिए)

विटामिन-श्व कैप्सूल: 1 (लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए)

वैसलीन या शिया बटर (वैकल्पिक): गाढ़ापन देने के लिए

### बनाने की विध

सबसे पहले चुकंदर को कद्दूकस करके उसका सारा रस एक सूती कपड़े या छलनी की मदद से निकाल लें।

इस रस को एक धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा और आधा न रह जाए। (आप कच्चे रस का भी उपयोग कर सकते हैं, लेकिन पका हुआ रस ज्यादा समय तक चलता है)।

अब एक कटोरी में चुकंदर का रस, नारियल तेल, शहद और विटामिन-श्व का लिक्विड अच्छी तरह मिला लें।

इस मिश्रण को एक छोटी साफ डिब्बी में भर लें।

इसे कम से कम 2-3 घंटे के लिए फ्रिज में जमने दें। आपका नेचुरल पिंक लिप बाम तैयार है।

### इस्तेमाल करने के फायदे

इसे लगाने के बाद आपको भारी लिपस्टिक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यह एक नेचुरल 'टिंट' का काम करता है।


नारियल तेल और शहद होंठों की दरारों को भरते हैं और उन्हें मखमली कोमल बनाते हैं।

यह पूरी तरह से केमिकल फ्री है और किचन की चीजों से तैयार हो जाता है।

बेहतर रिजल्ट के लिए रात को सोने से पहले इसे लगाएं। सुबह तक आपके होंठ नरम और गुलाबी नजर आएंगे।

# तनाव बन सकता है हार्ट अटैक की वजह

## दिल को सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं ये आदतें



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव एक आम समस्या बन चुका है जो दिल की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। लंबे समय तक तनाव रहने से हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

आधुनिक जीवनशैली में काम का बोझ, पारिवारिक जिम्मेदारियां और भविष्य की चिंता ने तनाव को हर घर का हिस्सा बना दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिसे आप महज एक मानसिक स्थिति समझ रहे हैं वह आपके दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। जानकारी के अनुसार लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव हृदय रोगों के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। जब हम तनाव में होते हैं तो शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे हार्मोन निकलते हैं जो सीधे तौर पर ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट को बढ़ा देते हैं।

### गहरी सांस

तनाव को तुरंत कम करने का सबसे सरल तरीका है गहरी सांस लेना। आयुर्वेद में इसे प्राणायाम का आधार माना गया है। जब आप धीरे-धीरे गहरी सांस लेते हैं और उसे धीरे ही छोड़ते हैं तो शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है। विज्ञान कहता है कि यह प्रक्रिया हमारे पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम को सक्रिय करती है जिससे दिल की धड़कन सामान्य होती है और मन को तत्काल शांति मिलती है।

### शारीरिक सक्रियता

रोजाना केवल 30 मिनट की वॉक या योगासन आपके मूड को बेहतर बनाने वाले एंडोर्फिन हार्मोन को [redacted] रिलीज करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार व्यायाम शरीर की ऊर्जा को संतुलित करता है जबकि आधुनिक विज्ञान मानता है कि नियमित एक्सरसाइज से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और हृदय की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

### सात्विक आहार

आयुर्वेद में सात्विक भोजन को सर्वोत्तम माना गया है। ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त पानी न केवल शरीर को पोषण देते हैं बल्कि मन को भी स्थिर रखते हैं। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर डाइट शरीर की सूजन को कम करती है जो हृदय रोगों का एक मुख्य कारण है।

### मेडिटेशन

नियमित ध्यान या मेडिटेशन तनाव के स्तर को स्थायी रूप से कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। यह न केवल मानसिक स्पष्टता देता है बल्कि हृदय की कार्यप्रणाली में भी सुधार करता है। प्रतिदिन केवल 10-15 मिनट का मौन आपके दिल के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम कर सकता है।

दिल की सेहत केवल जिम जाने या डाइट करने तक सीमित नहीं है बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी है। अपनी जीवनशैली में इन छोटे बदलावों को शामिल कर आप एक लंबे और स्वस्थ जीवन की नींव रख सकते हैं।

## बालों के लिए वरदान है

# एलोवेरा

### बस गर्मियों में आजमाएं ये नुस्खे

### सिर्फ 15 दिनों में दिखने लगेगा असर!

एलोवेरा को बालों के लिए एक प्राकृतिक वरदान माना जाता है खासकर गर्मियों के मौसम में यह स्कैल्प को ठंडक पहुंचाने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

गर्मी का पारा चढ़ते ही डैंड्रफ, चिपचिपापन और बालों का टूटना एक आम सिरदर्द बन जाता है। महंगे केमिकल वाले प्रोडक्ट्स अक्सर फायदे की जगह नुकसान पहुँचाते हैं। ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञों ने एलोवेरा को बालों की हर समस्या का वन-स्टॉप सॉल्यूशन बताया है। यह न सिर्फ स्कैल्प को ठंडक देता है बल्कि जड़ों को फौलादी मजबूती भी प्रदान करता है।

जैसे ही गर्मी दस्तक देती है तेज धूप और पसीना हमारे बालों की प्राकृतिक नमी छीन लेते हैं। धूल-मिट्टी के कारण स्कैल्प के पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। लेकिन घबराएं नहीं आपके घर के बगीचे में लगा एलोवेरा का इस्तेमाल इन सबका अंत कर सकता है।

### क्यों खास है एलोवेरा



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के अनुसार एलोवेरा में मौजूद प्राकृतिक एंजाइम, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों के लिए सुपरफूड का काम करते हैं। इसमें पाए जाने वाले प्रोटियोलिटिक एंजाइम स्कैल्प की मृत कोशिकाओं को रिपेयर करते हैं जिससे बालों की ग्रोथ तेज होती है।

### ऑयल कंट्रोल

गर्मियों में पसीने के कारण स्कैल्प ऑयली हो जाता है। एलोवेरा अतिरिक्त तेल को साफ कर बालों को फ्रेश और बाउंसी बनाता है।

### डैंड्रफ और खुजली से छुट्टी

इसके एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण स्कैल्प के इन्फेक्शन को जड़ से खत्म करते हैं। यह गर्मियों की जलन और इरिटेशन में तुरंत राहत देता है।

### नेचुरल कंडीशनर

यह बालों की गहराई तक जाकर मॉइस्चराइज करता है जिससे दोमुंहे बालों की समस्या खत्म होती है और बाल रेशमी व चमकदार बनते हैं।

### इस्तेमाल करने के आसान तरीके

डिजिटल युग में जहां समय की कमी है वहां ये नुस्खे आप मिंटों में आजमा सकते हैं।

ताजा एलोवेरा जेल को सीधे स्कैल्प पर लगाएं। 30-40 मिनट बाद माइल्ड शैम्पू से धो लें। यह स्कैल्प को डीप क्लीन करेगा।

सप्ताह में 2-3 बार एलोवेरा जेल में नारियल तेल मिलाकर मालिश करें। यह जड़ों को भीतर से पोषण देगा।

अगर डैंड्रफ ज्यादा है तो एलोवेरा जेल में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर लगाएं। यह नुस्खा नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है।

गर्मियों में केमिकल युक्त शैम्पू का ज्यादा इस्तेमाल बालों को और ज्यादा ड्राई बना सकता है। एलोवेरा एक सुरक्षित और सस्ता विकल्प है। इसे रातभर लगाकर छोड़ने से बाल न केवल मजबूत होते हैं बल्कि स्कैल्प को भीषण गर्मी में भी ठंडक का एहसास होता रहता है।

# हेल्दी स्प्राउट्स खाने से पहले हो जाएं सावधान!



**इन लोगों के लिए बन सकता है नुकसान का कारण**

स्प्राउट्स को हेल्दी डाइट का अहम हिस्सा माना जाता है लेकिन यह हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होते। कुछ लोगों के लिए इसका सेवन स्वास्थ्य परेशानियां बढा सकता है।

प्रोटीन और फाइबर का पावर हाउस माना जाने वाला अंकुरित अनाज हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता। मांसपेशियों की मजबूती और कोशिकाओं के निर्माण के लिए जरूरी यह सुपरफूड, गलत आदतों के कारण पाचन तंत्र को बिगाड़ सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक, कुछ खास लोगों को इसके सेवन से सख्त परहेज करना चाहिए।

हम में से ज्यादातर लोग जिम या योग के बाद कच्चे अंकुरित अनाज को सबसे सेहतमंद नाश्ता मानते हैं। लेकिन आयुर्वेद का विज्ञान कुछ और ही कहता है। आयुर्वेद के अनुसार अंकुरित अनाज पचने में भारी होता है। यदि इसे बिना पकाए खाया जाए तो यह शरीर में वात दोष को बढ़ा सकता है जिससे पेट में भारीपन और रूखापन आने लगता है।

### किन लोगों को नहीं खाना चाहिए स्प्राउट्स

डिजिटल दौर में अधूरी जानकारी के कारण लोग इसे धड़ल्ले से खा रहे हैं लेकिन इन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

### कमजोर पाचन और कब्ज

जिनका मेटाबॉलिज्म धीमा है या जिन्हें अक्सर कब्ज रहती है उनके लिए स्प्राउट्स किसी मुसीबत से कम नहीं। मंद पाचन के कारण यह अनाज पेट में पचने के बजाय सड़ने लगता है जिससे शरीर में पोषक तत्वों की जगह विषाक्त पदार्थ बनने लगते हैं।

### बच्चे और बुजुर्ग

उम्र के इस पड़ाव पर पाचन शक्ति अक्सर कमजोर होती है। कच्चा या भारी अनाज बच्चों के पेट में दर्द और बुजुर्गों में जोड़ों के दर्द (वात वृद्धि के कारण) की समस्या पैदा कर सकता है।

### वात प्रवृत्ति वाले लोग

जिन लोगों के शरीर की प्रकृति वात प्रधान है उन्हें अंकुरित आहार का सेवन बहुत सीमित करना चाहिए वरना यह गैस और शरीर में दर्द का कारण बन सकता है।

### खाने का सही तरीका

अगर आप स्प्राउट्स के शौकीन हैं और इसके नुकसान से बचना चाहते हैं तो आयुर्वेद के इन 3 नियमों को गांठ बांध लें।

### कच्चा खाने की गलती न करें

स्प्राउट्स को हमेशा हल्का उबाल लें या भाप में पकाएं। इससे इसका भारीपन कम हो जाता है और यह सुपाच्य हो जाता है।

### घी या तेल का तड़का

पकाते समय थोड़ा सा शुद्ध देसी घी या तिल का तेल और चुटकी भर हींग-जीरा जरूर डालें। घी अनाज के रूखेपन को खत्म करता है और हींग गैस नहीं बनने देती।

### समय का ध्यान

जैसे ही अनाज अंकुरित हो उसे तुरंत इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा लंबे अंकुर होने पर उसके पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ने लगता है। सेहतमंद चीजें तभी फायदा पहुंचाती हैं जब उन्हें सही तरीके और सही मात्रा में लिया जाए। अगर आपको स्प्राउट्स खाने के बाद पेट फूलना या दर्द की शिकायत होती है तो आज ही अपना तरीका बदलें।

# काम में ढिलाई नहीं चलेगी: नव कलक्टर का सख्त संदेश, कलक्ट्रेट में व्यवस्था कसने की शुरुआत

## आमजन के काम में देरी पर जीरो टॉलरेंस, योजनाओं के असरदार क्रियान्वयन पर फोकस

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल ।** जिले में नई प्रशासनिक कमान संभालते ही नव पदस्थापित जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने साफ संकेत दे दिए कि अब कामकाज में ढिलाई नहीं चलेगी और आमजन से जुड़े मामलों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सोमवार को उन्होंने जिला कलक्ट्रेट कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली और विभिन्न शाखाओं में जाकर अधिकारियों व कार्मिकों से कार्यप्रणाली की गहन जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए और हर कार्य तय समय सीमा में पूरा हो, क्योंकि 'जनता का काम ही प्रशासन की असली पहचान होता है।' उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकारी दफ्तरों में आमजन को भटकना नहीं



पड़े, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। कलक्टर ने कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए अधिकारियों को सजग करते हुए संकेत दिया कि अब काम की गति और गुणवत्ता दोनों पर बराबर नजर रखी जाएगी। ग्रामीण परिवेश में अक्सर कही जाने वाली बात 'जैसा बोओगे वैसा काटोगे' यहां सटीक बैठती नजर आई, क्योंकि उन्होंने साफ कर दिया कि लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी और बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा।

कलक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताते हुए उन्होंने इसे निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि सरकारी दफ्तरों का माहौल ऐसा होना चाहिए जहां आमजन सहजता से अपनी बात रख सके। मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा अरविंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, यूआईटी सचिव मूलचंद लूनिया सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे। कुल मिलाकर नए कलक्टर के पहले ही निरीक्षण ने यह संदेश दे दिया है कि अब प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट आएगी और 'काम ही पहचान बनेगा, बहाने नहीं।

# युवा चार्टेड अकाउंटेंट गोपाल सैनी का किया अभिनंदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

जाने-माने युवा चार्टेड अकाउंटेंट राजगढ़ हाल जयपुर निवासी गोपाल सैनी का महात्मा ज्योतिबा छात्रावास पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्षमनगढ के संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने बताया कि छात्रावास में रविवार को आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में सीए गोपाल सैनी का मोतियों की माला व दुपट्टा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी राजकुमार कम्मा, श्रीमती आशा कम्मा का भी स्वागत किया। इससे पूर्व सीए सैनी ने छात्रावास का अवलोकन कर विधार्थियों से संवाद किया एवं गतिविधियां की जानकारी ली तथा छात्रावास के निर्माण, योजना,



लाइब्रेरी आदि से रुबरु हुए तथा छात्रावास के निर्माण एवं विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, विनोद कुमार गौड़, मनोज कुमार राकसिया, बाबूलाल सैनी, अंकित सैनी, अनिल सैनी, युवराज सैनी, संदीप सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# सिंघाना में 'नगर पालिका आंखें खोलो अभियान: वाल्मीकि मोहल्ला वार्ड 31 में उठी रोजगार, सफाई और पानी की समस्या '

भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।

सिंघाना नगर पालिका की व्यवस्थाओं के खिलाफ चलाए जा रहे 'नगर पालिका आंखें खोलो अभियान' के तहत टीम नौरंग डांगी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 31 स्थित वाल्मीकि मोहल्ला में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी व भार्गव समाज के अध्यक्ष पिंटू भार्गव ने किया। बैठक में मोहल्लेवासियों ने तीन प्रमुख समस्याओं को सामने रखा। पहला,



वाल्मीकि समाज के लोगों को नगर पालिका के ठेकेदारों द्वारा काम नहीं दिया जा रहा है, जबकि बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। दूसरा, मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीसरा, पानी की पाइपलाइन रास्ते में ऊपर पड़ी हुई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है और इसे जमीन के अंदर दबाने की मांग की गई। मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र योगी उर्फ मिठ्ठू, ताराचंद भार्गव, तंवर वाल्मीकि, महिपाल मीणा, लालचंद वाल्मीकि, राजकुमार भार्गव, मुकेश वाल्मीकि, गोविंद भार्गव, सुनील भार्गव, संदीप भार्गव, राम अवतार भार्गव, विमला देवी, संपत्ति देवी वाल्मीकि, सुलोचना देवी वाल्मीकि, भंवरी देवी वाल्मीकि, तारा देवी वाल्मीकि, द्रोपदी देवी वाल्मीकि, संतरा देवी वाल्मीकि एवं अमर सिंह वाल्मीकि सहित अनेक मोहल्लावासी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश: स्वच्छता में जीरो टॉलरेंस नीति लागू होगी- के.के. गुप्ता

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** जिला कलेक्ट्रेट अलवर में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की कार्यशाला में राजस्थान सरकार के ब्रांड एंबेसेडर के.के. गुप्ता ने स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुप्ता ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करें ताकि शहरों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि एक व्यापक परिवर्तन का आधार है, जो समाज और




व्यक्ति दोनों के जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने डूंगरपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां जनसहभागिता से स्वच्छता का एक सफल मॉडल विकसित हुआ, जिसकी चर्चा आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। गुप्ता ने कहा कि इसी प्रकार सभी निकायों को कार्य करना चाहिए। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अल्बर्ट म्यूजियम से पूरे प्रदेश को स्वच्छता का संदेश दिया है, जिसे साकार करना सभी विभागों और नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य बेहतर होगा और सरकारी योजनाओं पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

शहर में स्ट्रीट लाइट, पार्कों की साफ-सफाई, निर्माण कार्यों का नियमन और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। गुप्ता ने 90-ए के तहत भू-उपयोग परिवर्तन को लेकर भी स्पष्ट किया कि जब तक कॉलोनी में सड़क, पानी, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह विकसित नहीं हों, तब तक किसी प्रकार की स्वीकृति जारी नहीं की जाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस एश्वर्यम प्रजापति सहित विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद गुप्ता ने जिला कलेक्टर डॉ. शुक्ला से मुलाकात की, जहां यह संकल्प लिया गया कि अलवर को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# खेतड़ी में राजकीय विद्यालय में 90% से अधिक अंक लाने वाले 91 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।

**हर्ष स्वामी ।** खेतड़ी में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को राधा कृष्ण हैरिटेज पैलेस परिसर में ब्लॉक स्तरीय 'खेतड़ी शिक्षा गौरव सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। इस आयोजन में प्रतिभा और मेहनत का उत्सव देखने को मिला, जहां 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 91 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर गंगा राम अधाणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की






अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं अशोक कुमार शर्मा ने की, जबकि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनुकंपा अरडावतिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। इस दौरान जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सैनी, एसीबीईओ राजेश कुमावत व अनिता चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न विद्यालयों से आए संस्था प्रधानों और शिक्षकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। यह आयोजन न केवल मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का मंच बना, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# शहर में निकली विशाल भगवा रैली, विशाल भगवा रैली में हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प बरसात

## शहर में जगह-जगह भगवा रैली कार्यकर्ताओं का किया गया स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा ।** शहर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी गणों ने रैली में आए हुए अतिथियों का स्वागत व सत्कार किया। विशाल भगवा रैली आदर्श विद्या मंदिर से होकर गोपीनाथ जी के मंदिर, बिसायतो का मौहल्ला, पोस्ट ऑफिस, पुराना बस स्टैंड, शाकंभरी गेट, घूम चक्कर,नई सब्जी मंडी, चुंगी नंबर 3, जांगिड़ कॉलोनी, टीटेडा, मुख्य बाजार होते हुए शाखा स्थल तक पहुंचकर रैली विसर्जन हुआ। विशाल भगवा रैली का शहर में जगह-जगह स्वागत सम्मान व पुष्प वर्षा हुई। भगवा रैली में पहुंचने वाले लोगो का व्यापारियों की ओर से जगह-जगह फल फ्रूट,पेय पदार्थ,खाने-पीने की व्यवस्था करते हुए आवभगत की गई। भगवा रैली में तरह-तरह की झांकियां सजाई गई थी। भगवा रैली को देखने के लिए आसपास के गांव के लोग की भीड़ चारों ओर दिखाई दे रही थी। भगवा रैली



**भगवा रैली में हजारों की तादाद में महिला और पुरुष हुए शामिल**

में दर्जनों डीजे की धुन पर लोग नृत्य करके आनंद महसूस कर रहे थे। भगवा रैली पर हेलीकॉप्टर द्वारा सीकर व जयपुर हाईवे पर व उदयपुरवाटी झुंझुनू रोड पर हेलीकॉप्टर द्वारा निकाली गई भगवा रैली पर दर्जनों बार पुष्प वर्षा की गई। भगवा रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं व पुरुषों द्वारा जय श्री राम के नारो से पुरा शहर गूंज उठा।

थाना अधिकारी राम पाल मीणा के नेतृत्व में भगवा रैली की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसपास के दर्जनों थानों की पुलिस व आर ए सी के सैकड़ो जवान लगाए गए थे। भगवा रैली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सीकर जयपुर हाईवे व झुंझुनूं उदयपुरवाटी हाईवे पर वनवे की व्यवस्था करके आवागमन के लिए रास्ता खुला रखा जिससे वाहनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व सामाजिक लोगों के नेतृत्व में शहर में शांतिपूर्वक भगवा रैली निकाली गई।

# रामादेवी महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तहत जॉब ऑपर्च्युनिटी इन ट्रांसलेशन विषय पर संगोष्ठी आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** निकटवर्ती ग्राम हरनाथपुरा नूंआ स्थित रामादेवी महिला पीजी कॉलेज में आज आईक्यूएसी के तहत जॉब ऑपर्च्युनिटी इन ट्रांसलेशन विषय पर संगोष्ठी एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आशा मिश्रा एवं मुख्य अतिथि मनीष शर्मा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय दिल्ली के कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।प्राचार्या डॉ आशा मिश्रा और अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गरिमा जोशी ने अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए बताया कि



अनुवादक के रूप में भी एक सरकारी नौकरी है जिसे कम लोग ही जानते हैं और इधर प्रयास भी नहीं करते हैं। उन्होंने अनुवादक की पोस्ट के लाभ बताते ह हुए आवेदन की प्रक्रिया से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आशा मिश्रा एवं उप प्राचार्या डॉ शहला सयीद ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गरिमा जोशी ने विषय की प्रस्तावना रखते हुए इस विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मंच संचालन डॉ नीतू सिंह ने किया । कार्यक्रम में आईक्यूएसी मुख्या डॉ रमाकांत शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी सतीश चौधरी, डॉ लक्ष्मीकांत शर्मा, नीतू शर्मा, अनीशा बानो,अशोक शर्मा, मनीषा मोदी, सुनीता जाखड़, प्रियंका, वंदना, संदीप सोउ, विपिन सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

# टोहाना में पुलिस की संयुक्त कार्रवाई : डॉग स्क्वॉड के साथ तलाशी में अवैध शराब बरामद

## सघन तलाशी अभियान के दौरान 15 बोतल देशी शराब ठेका मार्का माल्टा बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना शहर टोहाना क्षेत्र में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सघन तलाशी अभियान के तहत थाना शहर टोहाना प्रभारी, डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम तथा स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस





टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों एवं संदिग्ध स्थानों पर गहन जांच की। इसी क्रम में रविदास मोहल्ला, अंबेडकर चौक, टोहाना के पास एक संदिग्ध स्थान/व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां से 15 बोतल देशी शराब (ठेका मार्का माल्टा) बरामद की गई।बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना शहर टोहाना में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।अभियान के दौरान डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र की भी गहनता से जांच की गई, जबकि कमांडो टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस ने स्पष्ट किया कि जिले में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 11 अप्रैल को आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की राज्य स्तरीय जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होंगे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

## महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात दिया निमंत्रण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान विद्याधरनगर सेक्टर 3 जयपुर में 11 अप्रैल शनिवार को शाम 4 बजे सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महिला शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं राज्य स्तरीय जयंती समारोह राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। आयोजित समारोह में देश प्रदेश के संस्थान के भामाशाह, ट्रस्टी, पदाधिकारी सदस्य, कार्यकर्ता व फुले अनुयाई बडी संख्या में जयंती समारोह में शामिल होंगे।आयोजित जयंती समारोह के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के संरक्षक रामलाल कच्छावा, ज्ञान चन्द



सैनी, अध्यक्ष अनुभव चंदेल, निर्माण समिति के अध्यक्ष ओंकरमल सैनी के नेतृत्व में सोमवार को प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जयपुर स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात कर निमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वी राज्य स्तरीय जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन भी पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्णतया आश्वस्त करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने केएस मोटर्स के सीएमडी किशोर सिंह गहलोत से मुलाकात कर राज्य स्तरीय जयंती समारोह की अध्यक्षता का निमंत्रण पत्र दिया। यह जानकारी देते हुए महामंत्री पूनमचंद कच्छावा ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, संरक्षक रामलाल कच्छावा, ज्ञान चन्द सैनी , निर्माण समिति के अध्यक्ष ओंकरमल सैनी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल में बंशीधर प्रधान, डॉ श्रीमती तनु सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, भागचंद सैनी, भवानी शंकर सैनी, भवानी अजमेरा, गुलाबचंद श्रीमती सुमित्रा सैनी चैयरमेन चिड़ावा नगरपालिका, श्रीमती सीता भाटी कोटा, श्रीमती चेताली सैनी, सुनील गहलोत, सुशील कुमार सैनी, दाताराम सैनी, रामप्रसाद राकसिया, बंशीधर सैनी, पुरणमल सैनी, रविकांत इंदौरा, डॉ सज्जन कुमार सैनी, मुकेश कुमार दिनेश सैनी, बाबूलाल सैनी लक्षमनगढ सहित संस्थान के ट्रस्टी सदस्य, आजीवन सदस्य, भामाशाह सदस्य, सक्रिय सदस्य आदि मौजूद थे।

# पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी के जीजा के निधन पर शोक सभा, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी के जीजा जनार्दन ढण्ढ के निधन पर रविवार को ससुराल पक्ष की ओर से मोहन गार्डन में शोक सभा एवं शोकाभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों और समर्थकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने स्वर्गीय जनार्दन ढण्ढ के व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को याद करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी, भाजपा नेता नवरंग चौधरी लालासी,



भागीरथ गोदारा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता, चिकित्सक, पत्रकार एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

शोक सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि जनार्दन ढण्ढ का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# बगड़ कस्बे में अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बगड़।**

सोमवार को पीरामल गेट के नजदीक जोगेंद्र निवास कॉलोनी में अम्बेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बगड़ कस्बे के कार्यकर्ताओं सहित समाज के गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी महात्मा ज्योतिबा फुले व संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब जयंती को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की जाएगी। इसके पश्चात विशाल रैली चन्द्र नाथ आश्रम जगदम्बा कॉलोनी से शुरूआत कर बगड़ के मुख्य मार्ग होते हुए सब्जी मंडी में समापन किया जाएगा रैली के तुरंत बाद बगड़ नागरिक सदन में विचार गोष्ठी





तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विकास आल्हा ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बगड़ कस्बे में अम्बेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व चेयरमैन सतवीर बरवड़, उपप्रधानाचार्य बलबीर बुंदेला, आलोक बंका, पार्षद सलीम, शिवरतन चंदेलिया, विजय बुंदेला, व्याख्याता शीशराम आल्हा, चतरूराम आल्हा, बनवारी लाल फुलवारिया, रतन आल्हा, सुनील आल्हा, महेंद्र, शुभकरण, रोहितास बुंदेला, अध्यापक सुभाष आल्हा, रविंद्र अध्यापक धर्मपाल आल्हा, आशाराम आल्हा, शेरसिंह, अशोक, अजय, आकाश, विजय, प्यारे लाल आल्हा, प्रमोद,व अन्य कार्यकर्ता मौजूद।

# संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर 14 अप्रैल को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्री सेन समाज समिति के तत्वावधान में कॉलेज रोड स्थित सेन मंदिर में संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के 726वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 13 व 14 अप्रैल को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष अरुण कुमार सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे हवन के साथ होगी, इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। वहीं 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे महाआरती आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 1:15 बजे से महिला भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा। शाम 4:15 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन शाम 7:15 बजे महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। समिति ने सभी समाज बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से



अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# ईशकपुरा हत्याकांड: आरोपी अब भी फरार, अल्टीमेटम खत्म होने पर ग्रामीणों ने झुंझुनूं- दिल्ली मार्ग पर लगाया जाम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना थाना क्षेत्र के ईशकपुरा गांव में युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्र में भारी





आक्रोश फैल गया। पुलिस को दिए गए अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने डूमोली खुर्द स्टैंड पर सिंघाना-नारनौल मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मुकेश कुमार (23) पुत्र रामनिवास, निवासी डूमोली कलां, अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसकी हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुकेश की मां बीमार रहती है और घर में दो बहनों की जिम्मेदारी भी उसी के कंधों पर थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में कानून व्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी देखी गई।गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को मुकेश कुमार अपनी बाइक से जा रहा था, तभी बाइक सवार बदमाश विजय कुमार और उसके साथियों ने उसे रोक लिया। कहासुनी के दौरान बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं और पुलिस अब तक उनका कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। उस समय डीएसपी द्वारा उच्च अधिकारियों से बातचीत कर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया था, जिसके बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

हालांकि तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही, जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा दिया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रमों के लिए गठित चयन समिति की मीटिंग आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से लक्षमनगढ में 13 अप्रैल सोमवार को समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर संत सानिध्य व राज्यसभा सांसद, आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर, प्रशासनिक अधिकारियों,प्रदेश के उधोगपतियों व जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में आयोजित होने वाले शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 व सरकारी सेवा चयनित नवनियुक्त सैनी युवाओं के सम्मान समारोह के लिए गठित चयन समिति की मीटिंग रविवार को आनंद विला बागड़ी कोठी में ट्रस्ट के चैयरमेन अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुईं ।

यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी ने बताया कि शेखावाटी अंचल के सिद्ध संत चंचल टीला आश्रम झुंझुनूं के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुमार गहलोत, उधोगपति, सांवरमल कम्मा दुबई,रामलाल कच्छावा हिमाचल प्रदेश, फुलचंद सैनी जयपुर,भंवरलाल सुईवाल जयपुर, ओमप्रकाश मिटावा जयपुर, बिहारीलाल धूपिया जयपुर, कैलाश सैनी जयपुर, चौथमल खडोलिया सीकर,लक्षमनगढ उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, प्रशासनिक अधिकारी सवाईसिंह जग्गूका,ओंकारमल सैनी, कंपनी सेक्रेटरी वैजनाथ माली, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, महामंत्री पूनमचंद कच्छावा, पूर्व भाजपा



जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी झुंझुनूं, निवर्तमान प्रधान मदन सेवदा, चैयरमेन मुस्तफा कुरैशी, समाजसेवी रामप्रसाद राकसिया जयपुर, सुनील गहलोत सीकर, सुमेर कुमार गौड़ फतेहपुर, एडवोकेट ग्यारसी लाल सैनी जयपुर, कर्मचारी नेता संजय कुमार सैनी, यादराम सैनी, महावीर सिंह चौहान, अनिल बागड़ी सम्मानित अतिथि होंगे। ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने बताया कि समाजसेवी बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि 13 अप्रैल को अपराह्न 3.15 से आयोजित कार्यक्रम से पूर्व प्रवासी की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्षमनगढ का अवलोकन किया जायेगा। जबकि इस दिन 13 अप्रैल को शाम 4.15 बजे तक समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा जबकि शाम 4.30 बजे से मुख्य समारोह होगा। चयन समिति के संयोजक मनोज कुमार राकसिया ने बताया कि आयोजित मीटिंग में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया गया। मीटिंग में अनिल कुमार बागड़ी, सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली,झाबरमल माली, विनोद गौड़,दीपक कटारिया, महावीर जाजम, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, मनोज कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

# दांडी मार्च दिवस पर कलेक्ट्रेट में गूंजी विश्व शांति की प्रार्थना झुंझुनूं में जुटे प्रबुद्धजन

## गांधीजी के सिद्धांतों को बताया आज भी प्रासंगिक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

दांडी मार्च सविनय अवज्ञा आंदोलन के अंतर्गत अंग्रेजों के नमक कानून को तोडने की ऐतिहासिक तिथि पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांधी विचारधारा से जुड़े लोगों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने विश्व में शांतिए भाईचारे और सद्भावना की स्थापना के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इस अवसर पर गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक महावीर दडिया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विश्व के कई हिस्से युद्ध की विभीषिका से गुजर रहे हैं, जहां सबसे अधिक प्रभावित बच्चे हो रहे हैं। ऐसे में गांधीजी के अहिंसा और शांति के संदेश को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांधीजी का जीवन हमें सिखाता है कि बिना हिंसा के भी बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान दिनेश सुंडा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गांधीजी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समिति के उपाध्यक्ष नरेश खादीवाला ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गांधीजी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में शांति



और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह ने भी सभी से आपसी भाईचारा बढ़ाने और हिंसा से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति संरक्षक व शिक्षाविद् पीतराम गोदारा, एडवोकेट मुस्ताक खान, समिति सदस्य पूर्व पार्षद मनफूल बिजारणियां, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अम्मीलाल मूंड, पूर्व सरपंच हरिराम चंदवा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय गोपाल, एडवोकेट बजरंग दूलड़ व राजन चौधरी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसान नेता धर्मपाल डारा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

# दुकानदार पर जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार व एक बाल अपचारी निरुद्ध

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बालाहेडी।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मौसमपुर पट्टी में दिनदहाड़े दुकानदार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। घटना में प्रयुक्त थार और स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया गया है। 'जिनके हौसले बुलंद थे, वो कानून के सामने झुकते नजर आए '–इस कार्रवाई ने इलाके में कानून के प्रति भरोसा और अपराधियों में खौफ दोनों को एक साथ जगा दिया है। पूरी कार्रवाई महवा सीओ मनोहरलाल मीणा के सुपरविजन में थाना बालाहेडी के थानाधिकारी सत्यनारायण बसवाल के नेतृत्व में अंजाम दी गई, जिसमें थाना टीम और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से लगातार दबिश देकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस के मुताबिक 15 मार्च 2026 को शाम करीब साढ़े चार बजे मौसमपुर पट्टी में दुकानदार मांगू सिंह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी रोहिताश मीणा और सोनू मीणा अपने साथ करीब एक दर्जन लोगों को लेकर तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे। आते ही




हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। रोहिताश मीणा द्वारा सिर पर किए गए जोरदार वार से मांगू सिंह का सिर फट गया, जबकि अन्य हमलावरों ने भी बेरहमी से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की हालत बिगड़ने पर उसे महवा से जयपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बालाहेडी में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश में दौसा, करौली, हिण्डौन, भरतपुर, जयपुर सहित विभिन्न इलाकों में लगातार दबिश दी। इस दौरान हरिओम और राहुल मीणा को गिरफ्तार किया गया, वहीं मुख्य आरोपी सोनू मीणा और एक बाल अपचारी के चेन्नई से आगरा आने की सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आगरा पहुंचकर दोनों को दस्तयाब कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हरिओम पुत्र बाबूलाल (22) निवासी डेण्डा बसेड़ी हाल नाहर खोहर्रा, राहुल मीणा पुत्र बीरबल (20) निवासी मटलाना और सोनू मीणा पुत्र सुखचंद (24) निवासी प्यारा का नगला शामिल हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। घटना में प्रयुक्त थार और स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश और मामले का अनुसंधान अभी जारी है।

# शहीद बजरंग लाल मीणा को नम आंखों से श्रद्धांजलि, बलिदान दिवस पर उमड़ा सम्मान और गर्व



**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

**हर्ष स्वामी ।** लालगढ़ के 6 अप्रैल 2010 को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद असिस्टेंट कमांडेंट बजरंग लाल मीणा की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर परिजनों और गणमान्य नागरिकों ने शहीद को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। शहीद की वीरांगना पत्नी रुकमा देवी, माताजी तीजा देवी और परिवारजनों के लिए यह दिन आज भी बेहद भावुक कर देने वाला रहता है। परिवार ने नम आंखों से अपने प्रिय को याद करते हुए उनकी स्मृतियों को साझा किया। इस मौके पर अजमेर से कमांडेंट अनिल चौधरी अपनी टीम के साथ पहुंचे और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें हमेशा उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में मखनलाल, बनवारी लाल, रोहतास मीणा, लीला, रोशन, ओमपाल मीणा, विशाल, बलबीर छापोला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीद बजरंग लाल मीणा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने समाधान शिविर में सुनीं जन समस्याएं



**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। प्रशासन का मुख्य ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान पूरी पारदर्शिता और त्वरित गति से हो, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को विस्तार से सुना और मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र निपटान के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान 4 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए फॉरवर्ड किया गया। प्राप्त आवेदनों में सभी 4 आवेदन परिवार पहचान पत्र से संबंधित प्राप्त हुए।

एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संपर्क स्थापित हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन शिकायतों को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी किसी भी विभागीय समस्या के समाधान के लिए समाधान शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां प्रशासन की पूरी टीम जनता की सेवा के लिए तत्पर रहती है।

# मेन रोड पर बने अधूरे नाले से लोगों को परेशानी, सुधार की मांग



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मलसीसर।**

मलसीसर के वार्ड नंबर 1 में मुख्य सड़क पर बने नाले के अधूरे निर्माण के कारण आमजन व स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मलसीसर से टमकोर रोड पर बना नाला सही तरीके से नहीं बनाया गया है, जिससे पानी सड़क पर फैल रहा है और आसपास गंदगी का माहौल बना हुआ है। इसी मार्ग से गांव की दो प्रमुख स्कूलों के बच्चे रोजाना गुजरते हैं, जिन्हें गंदे पानी के बीच से होकर आना-जाना पड़ता है। करीब दो फीट चौड़ा यह नाला एक सिरे से दूसरे सिरे तक फैला हुआ है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मामले को लेकर प्रार्थी आकाश नायक (गौ सेवक टीम मलसीसर) ने शिकायत दर्ज कराते हुए नाले का सही निर्माण करवाने की मांग की है। वहीं नगर पालिका मलसीसर की अधिशासी अधिकारी नेहा झाझड़िया ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही नाले का निर्माण सही तरीके से करवाकर समस्या का समाधान किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

# बार काउंसिल ऑफ पंजाब व हरियाणा ने बार एसोसिएशनस के चुनावों की घोषणा, 15 मई को होने तय

### बार एसोसिएशन में बकाया ड्यूज 16अप्रैल तक करवाने होंगे जमा

### टोहाना बार एसोसिएशन में भी कोषाध्यक्ष ने जारी की चुनाव सम्बन्धी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चंडीगढ़/टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पंजाब व हरियाणा बार काउंसिल चंडीगढ़ ने पंजाब व हरियाणा में जिले वार व सब डिवीजन स्तर पर सभी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनावों की घोषणा अपने पत्र क्रमांक 63-67/2026 के तहत अन्य दी।पत्र में सभी बार एसोसिएशनस को पत्र जारी कर नोटिफिकेशन जारी किया है कि सभी सदस्य गण अपने अपने बार एसोसिएशन में अपने ड्यूज 16 अप्रैल तक जमा करवा दें अन्यथा मतदाता सूची में उक्त अभिवक्ता सदस्य का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। टोहाना बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एडवोकेट राजेश सभ्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि टोहाना बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को आगामी चुनाव से सम्बंधित सभी जानकारी दे गई है। एडवोकेट सभरवाल ने बताया कि आगामी चुनावों के लिए हर प्रकार की जानकारी चैम्बरों में सूचना बोर्ड पर शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति, शाहजहांपुर द्वारा 14 अप्रैल 2026 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज श्याम वाटिका, शाहजहांपुर में समिति के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुमार ने की। समिति के सचिव मनोज कुमार ने बैठक में निम्न बिंदुओं पर सभी को अवगत कराया - माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन, विचार गोष्ठी एवं संबोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर व बैठक में यह प्रस्ताव लिया गया कि 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति, शाहजहांपुर द्वारा भव्य रूप से जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए नवयुवक एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की एक विशेष समिति का गठन किया गया। बैठक में सुरेन्द्र मेहरा (भीम आर्मी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान), हेमंत मीणा, पवन कुमार बागोरिया, किशन चंद, मनीष कुमार, पंकज बोहरा, प्रदीप कुमार, पवन कुमार, शिव राय, अनिल वाल्मीकि (उपाध्यक्ष), महेन्द्र ठेकेदार, अरविंद कुमार, मोहन (युवा नेता, चौबारा), पवन कुमार (चौबारा), सूबे सिंह, करमपाल, अजीत सिंह, सिकंदर आदि मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी ने नियुक्त किए नए ब्लॉक अध्यक्ष



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) राजस्थान के जिला कोटपूतली- बहरोड़ में संगठनात्मक मजबूती के लिए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। एडवोकेट रविन्द्र सामरिया, जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ने कृष्ण कुमार मोरोडिया को नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष और मोनू मेहरा को कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं मान्यवर कांशीराम साहब जी की विचारधारा 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष रविन्द्र सामरिया ने विश्वास जताया है कि नए नियुक्त अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। नियुक्ति पत्र पर एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष और अनिल धनवाल, प्रदेश अध्यक्ष के हस्ताक्षर हैं।इस नियुक्ति की प्रतिलिपि अनिल धनवाल प्रदेश अध्यक्ष आ.स.पा. राजस्थान और माननीय जिला प्रभारी कोटपूतली- बहरोड़ को भेजी गई है। इस अवसर पर सतवीर मंडा, महेंद्र सिंह भूरा, वीर सिंह, ललित सागर, नितिन सागर, भोला सिंह, ताराचंद सागर, मोहन सिंह, विवेक जाटव, रविंद्र और बाबू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फतेहाबाद जिले में गैस कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्ती, 113 सिलेंडर जब्त

## जिला में गैस आपूर्ति सामान्य, उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिला प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए गठित टीमों द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक की कार्रवाई के दौरान 113 घरेलू व कमर्शियल सिलेण्डर अनुचित प्रयोग में उपयोग करते हुए पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। प्रशासन इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएफएससी कुशल बूरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में गैस आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य बनी हुई है। तीनों तेल कंपनियों से कुल 6876 भरे हुए सिलेंडर प्राप्त हुए हैं, जबकि जिले की 23 गैस एजेंसियों के पास 10334 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। बीते दिन गैस एजेंसियों द्वारा 5658 रिफिल किए गए, जिससे उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 01667-230773 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को संबंधित नोडल अधिकारी तक पहुंचाकर त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत हेल्पलाइन पर दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# टोहाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही: खुद को 'पशु कल्याण अधिकारी' बताकर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## दिल्ली के दो आरोपियों सहित तीन काबू- थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई राशि और वारदात में प्रयुक्त 'बीट' कार की बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा, ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति निकिता खट्टर, आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और जालसाजों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है, जो खुद को सरकारी अधिकारी बताकर पशु व्यापारियों से लूटपाट और वसूली करता था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी और गाड़ी बरामद की है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता संदीप (निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद) ने पुलिस को बताया कि 04 अप्रैल 2026 की अलसुबह करीब 2 बजे, जब वह अपने सहायक इमरान के साथ कैंटर में भैंसें लोड करके दिल्ली जा रहा था, तो जमालपुर शेखां-अमानी रोड पर एक लाल रंग की बीट गाड़ी (डीएल 5सीई-7655) ने उनका रास्ता रोका।

**फर्जीवाड़ा और मारपीट:** गाड़ी से उतरे तीन युवकों ने खुद को पशु कल्याण विभाग का अधिकारी बताया और क्षमता से अधिक पशु होने का डर दिखाकर उनके साथ मारपीट की।



**लूटपाट:** आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर संदीप से 23,680 रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। मामले में पीड़ित की शिकायत पर तुरंत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा नंबर 53/2026 दर्ज किया गया था। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुस्तैदी के आधार पर तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 23,680 रुपये और वारदात में इस्तेमाल की गई बीट कार बरामद कर ली है।गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह ने पहले भी इस तरह की कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

### फतेहाबाद पुलिस का कड़ा संदेश:

एसपी श्रीमती निकिता खट्टर ने बताया कि जिला पुलिस अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने आमजन और व्यापारियों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से खुद को अधिकारी बताकर डराता-धमकाता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। फर्जी अधिकारियों और वसूली करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सिम क्लोनिंग से रहें सावधान : पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस की एडवाइजरी जारी

### सिम क्लोनिंग के जरिए बैंक खाते से हो सकती है ठगी, ओटीपी का दुरुपयोग कर खाली किए जा रहे खाते

### हैकर आपके मोबाइल नेटवर्क को बंद कर नकली सिम के जरिए कर सकते हैं पूरा डेटा एक्सेस



**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस की ओर से आमजन को जागरूक करते हुए सिम क्लोनिंग से जुड़े साइबर अपराधों को लेकर विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, जिनमें सिम क्लोनिंग एक गंभीर खतरा बनकर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिम क्लोनिंग के तहत हैकर विशेष सॉफ्टवेयर या डिवाइस के माध्यम से मोबाइल सिम के आई एम एस आईऔर के आई नंबर को कॉपी कर लेते हैं। इसके बाद उसी नंबर की एक नकली सिम तैयार कर ली जाती है। जैसे ही नकली सिम एक्टिवेट होती है, असली मोबाइल का नेटवर्क बंद हो जाता है और पीड़ित को इसका तुरंत पता भी नहीं चलता। उन्होंने बताया कि इसके बाद साइबर अपराधी पीड़ित के मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी बैंक मैसेज और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं को एक्सेस कर लेते हैं। हैकर बैंक अकाउंट में लॉग-इन कर ओटीपी के जरिए पैसे अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आपके मोबाइल में अचानक नेटवर्क बंद हो जाए, कॉल/मैसेज आना बंद हो जाए या सिम 'नो सर्वीस' दिखाने लगे, तो इसे हल्के में न लें, यह सिम क्लोनिंग का संकेत हो सकता है। बैंक अकाउंट से अनजान ट्रांजेक्शन हो पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की साइबर गतिविधि का संदेह हो या वह इसका शिकार हो जाए, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करे पर शिकायत दर्ज करवाएं। साथ ही नजदीकी थाना या साइबर सेल में भी सूचना दें। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस ने अपील की है कि आमजन सतर्क रहें और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी को सुरक्षित रखें। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# चीफ जुडिशल मैजिस्ट्रेट गायत्री ने नशा मुक्ति केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने सोमवार को नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल फतेहाबाद का औचक निरीक्षण किया। सीजेएम ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार, प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे में बताया। उन्होंने विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट अर्थात नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया है। इस अधिनियम के तहत होने वाले अपराध संज्ञेय और गैर जमानतीय होते हैं। कठोर दंड के प्रावधान इसमें है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 11 उपचाराधीन नशा पीड़ित उपस्थित थे। उन्होंने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए और उनके रहन-सहन और खानपान बारे विस्तार से जानकारी ली। सीजेएम ने स्टाफ को निर्देश दिए कि नशा पीड़ित व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही न की जाए। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। सीजेएम ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।

# आईपीएल में आज होगा मुम्बई और राजस्थान का मुकाबला

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। इस मैच में जहां रॉयल्स जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। वहीं मुम्बई का लक्ष्य पिछले मैच में मिली हार से उबरकर जीत की राह पर वापसी करना रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें ता अब तक दोनो के बीच 31 मुकाबले हुए हैं जिसमें से 16 मुम्बई ने जबकि 14 रॉयल्स ने जीते हैं। कप्तान रियान पराग की राजस्थान टीम ने अब तक काफी अच्छा खेला है। टीम के हर खिलाड़ी ने अपनी ओर से योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरुआत दी है, वहीं वैभव सूर्यवंशी ने इसे तेजी रही है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम लक्ष्य तक पहुंचाया है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के आने से टीम का संतुलन बेहतर हुआ है।

गेंदबाजी में टीम के पास जोफ्रा आर्चर जैसा तेज गेंदबाज है। वहीं नांद्रे बर्गर ने ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई ने अपनी स्पिन से विरोधियों पर अंकुश लगाया है। वहीं संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने भी अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की टीम के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की इस मैच से वापसी अभी तय नहीं है। ऐसे में कप्तानी सूर्यकुमार यादव के पास ही रहने की संभावना है। मुम्बई की बल्लेबाजी रोहित शर्मा , सूर्यकुमार यादव के साथ ही तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।




इसके अलावा रयान रिकेल्टन शेरफेन रदरफोर्ड और मिशेल सैंटनर के अलावा टीम के पास । शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर हैं। मुंबई की गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पर आधारित है। वहीं बीच के ओवरों में स्पिनर मिशेल सैंटनर विरोधी टीम पर अंकुश लगायेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो मुकाबला रोमांचक होगा।

### टीम इस प्रकार है

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, तुमार देशपांडे, संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर-डोनोवन फरेरा।

**मुम्बई इंडियंस :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, मिचेल सेंटनर, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह। इम्पैक्ट प्लेयर-शार्दुल ठाकुर।

# सीएसके की तीसरी हार से निराश ऋतुराज बोले, मुझे बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिये थी



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल के 19 सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके को अपने तीसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में हार मिली है। इससे टीम के युवा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ निराश हैं। ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि मुझे अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। साथ ही कहा कि अगर मैंने रन बना दिए होते तो मैच का परिणाम कुछ और होता पर ऐसा हुआ नहीं। इस मैच में आरसीबी से मिले 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 207 रन ही बना पायी।

हार के बाद उन्होंने कहा, 'मैं भी टीम केप्रदर्शन से थोड़ा हैरान था। सरफराज खान, प्रशांत वीर और जेमी ओवरटन ने अच्छा खेल दिखाया। वहीं अगर मैंने शीर्ष क्रम में रन बनाये होते तो हम लक्ष्य हासिल कर सकते थे। इसलिए आरसीबी के खिलाफ मिली हार की जिम्मेदारी मैं अपने ऊपर लेता हूं। इस मैच में हमारी टीम ने जिस प्रकार विराट कोहली का कैच छोड़ा उससे भी हमें नुकसान हुआ। इसके अलावा आरसीबी के टिम डेविड की पारी से भी मैच हमारे हाथ से निकल गया। साथ ही कहा कि हमारी कुछ गलतियों से मैच हमारे हाथ ने फिसल गया।' इस मैच में सीएसके ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया था। आरसीबी ने टिम और पडीक्कल के अलावा कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन और फिल सॉल्ट की 46 रन की पारी से तीन विकेट पर 250 रन बनाये जिसका पीछा करते हुए सीएसके 207 रन ही बना पायी।

# संग्राम सिंह अर्जेटीना में एमएमए खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने



**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** भारत के संग्राम सिंह ने अर्जेंटीना में मिक्स्ड मार्शल आर्ट् (एमएमए) खिताब जीत लिया है। संग्राम ये एक अहम उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। संग्राम ने खिताबी मुकाबले में फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन को दो मिनट में ही हरा दिया। इस जीत के साथ ही संग्राम ने एक बार फिर अपने को साबित किया है। संग्राम की एमएमए में यह लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी और नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में भी मुकाबले जीते थे। वह कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियन भी रहे हैं। वहीं जीत के बाद संग्राम ने कहा, मेरे लिए जीत या हार अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं हमेशा कहता हूं कि जुनून की कोई उम्र नहीं होती। मेरा सपना था कि मैं अर्जेंटीना में जीतने वाला पहला भारतीय बनूं और आज मेरा सपना पूरा हो गया है। संग्राम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच को दिया है। उन्होंने कहा, मैं अपने कोच का आभार व्यक्त करता हूं, जो पिछले 25 साल से मेरे साथ हैं। उन्होंने मेरी सफलता के लिए दिन-रात मेहनत की। संग्राम के सामने फ्लोरियन काफी कमजोर नजर आये भारतीय रेसलर ने उन्हें पहले किक पकड़कर गिराया और फिर अपने दांव आजमाकर मैच अपने नाम कर लिया। संग्राम ने इससे पहले भी कई देशों में हुए खिताबी मुकाबले जीते हैं और वह इस क्षेत्र में देश का नाम रौशन करते आये हैं।

# अगर पडिक्कल इसी तरह बैटिंग करते रहे, तो उन्हें भारतीय टीम से बाहर रखना मुश्किल होगा: पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि देवदत्त पडिक्कल को भारतीय टीम से लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा, जिस तरह से वह घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद IPL में बैटिंग कर रहे हैं। रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ RCB की बड़ी जीत में पडिक्कल ने अहम भूमिका निभाई, उन्होंने 29 गेंदों में ताबड़तोड़ 50 रन बनाए।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में पडिक्कल की शांत और संयमित पारी के बारे में पूछे जाने पर RCB के बैटिंग कोच कार्तिक ने शुरुआती मुश्किल दौर में उनके संयम की तारीफ की जिसके बाद उन्होंने खुलकर खेलना शुरू किया। कार्तिक ने कहा, 'सबसे पहली बात जो सामने आती है, वह है उनका पक्का इरादा। इस तरह की पिच पर, जब शुरुआत में रन आसानी से नहीं बनते, तो



कई बैटर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हैं और अपनी विकेट गंवा बैठते हैं। जब हालात मुश्किल थे, तब भी धैर्य बनाए रखने के लिए देवदत्त ने बहुत हिम्मत दिखाई।'

उन्होंने कहा, 'जैसे ही उन्हें पहली बाउंड्री मिली, आप देख सकते थे कि उन्होंने अपनी बैटिंग का गियर बदल दिया। वह सही क्रिकेटिंग शॉट खेल रहे हैं और गेंद को जोरदार तरीके से मार रहे हैं। अगर वह इसी तरह बैटिंग करते रहे, तो उन्हें भारतीय टीम से लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खूब रन बनाए हैं और हम जानते हैं कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं।' कार्तिक ने आगे कहा, 'एक और बात जो काबिले-तारीफ है कि वह यह कि वह कर्नाटक के ड्रेसिंग रूम में एक लीडर के तौर पर उभरकर सामने आ रहे हैं। 25 साल की उम्र में भी, वह अपने आइडिया और लीडरशिप से टीम में योगदान दे रहे हैं, और यह देखना बहुत अच्छा लगता है।' पडिक्कल की पारी में 5 बाउंड्री और दो छक्के शामिल थे, जिससे RCB 250/3 के विशाल स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही इससे पहले टिम डेविड ने 25 गेंदों में 70 रन की तूफानी पारी खेली थी। RCB ने यह मैच 43 रनों से जीता और CSK को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

# सरफराज ने पॉवरप्ले में अर्धशतक लगाकर बनाया रिकार्ड



चेन्नई । चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज सरफराज खान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में नंबर चार पर खेलते हुए पावरप्ले में अर्धशतक लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। इस मैच में हालांकि वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। आरसीबी की टीम के 250 रनों के जवाब में सीएसके टीम 19.4 ओवर में 207 रन ही बना पायी। सरफराज के लिए आमतौर पर चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच अच्छी रही। इससे पहले साल 2015 में उन्होंने यहां आरसीबी की ओर से खेलते हुए 45 रन बनाये थे। अब एक दशक बाद इसी मैच में आरसीबी के खिलाफ उन्होंने एक बेहतरीन पारी खेली है। इस मैच में सीएसके के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए विफल रहे। शीर्ष तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे केवल 17 रन ही बना पाये। सरफराज ने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक लगाया। सरफराज अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही आईपीएल में आईपीएल में नंबर 4 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए पहले छह ओवरों के अंदर अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं आरसीबी के खिलाफ सरफराज का यह दूसरा अर्धशतक था। इससे पहले उन्होंने साल 2019 में पंजाब किंग्स की ओर से एक अर्धशतक लगाया था. वहीं अब छह साल बाद अपना दूसरा अर्धशतक लगाया है।

# भविष्य में सीएसके की कप्तानी भी संभाल सकते हैं सैमसन : मनोज तिवारी

कोलकाता। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि पिछले कुछ समय में उनका बेहतीन प्रदर्शन सामने आया है और ऐसे में वह इस बार चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। तिवारी के अनुसार सैमसन एक अच्छे बल्लेबाज हैं, विकेटकीपर हैं मौका मिलने पर वह कप्तानी भी कर सकते हैं। उन्होंने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में लंबे समय तक कप्तानी की है। साथ ही कहा कि आज महेन्द्र सिंह धोनी जिस प्रकार सीएसके में लोकप्रिय हैं। वैसे ही आने वाले समय में सैमसन भी होंगे। वह धोनी के जाने के बाद सीएसको को उनकी कम महसूस नहीं होने लेंगे। मनोज तिवारी ने कहा कि, हर इंसान के जीवन में एक अच्छा समय आता है और यही अब सैमसन के साथ हो रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा कि जिस तरह से सैमसन ने टी20 विश्व कप 2026 में खेला उसके लिए उनकी सराहना होनी चाहिये। उनको पहले ही पारी की शुरुआत का अवसर मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब उन्हें मौका मिला तब वो मध्यक्रम में खेले और फिर उन्हें पारी शुरु करने का मौका मिला और फिर जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की उससे सभी प्रभावित हुए हैं।



# शुरुआती बल्लेबाजों के विफल होने से हारे : ईशान किशन



हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद के कार्यकारी कप्तान ईशान किशन ने आईपीएल में यहां अपने घरेलू मैदान में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी है। इस मैच में सनराइजर्स को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ईशान ने कहा है कि शुरुआती बल्लेबाजों के असफल होने से टीम हारी है। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने चार विकेट खो दिये थे। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी 56 रन और हेनरिक क्लासेन के 62 रनों की सहायता से सनराइजर्स की टीम 20 ओवर में केवल 156 रन तक पहुंची थी। ईशान ने कहा कि जो स्कोर उनकी टीम ने बनाया था वह बचाव के लिए पर्याप्त नहीं था। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी हर्ष दुबे ने 18 रन देकर दो विकेट लेकर अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। इससे टीम ने अंतिम ओवर तक जीत हासिल करने का प्रयास किया। ईशान ने कहा कि यह एक अच्छा मैच था पर बचाव के लिए उनके रन कम पड़ गये। गेंदबाजों ने योजना के अनुसार अच्छी गेंदबाजी की और क्षेत्ररक्षकों ने भी अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। साथ ही कहा शुरुआत में 4 विकेट गिरने से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव आ गया पर क्लासेन और नीतीश ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को 150 से ऊपर पहुंचाया। वहीं सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ ने अच्छी बल्लेबाजी कर मैच हमारे हाथ से छीन लिया।

# आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की घोषणा, भारत के दो खिलाड़ी लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन, बेहतरीन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है।

सैमसन ने 2026 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर बैठकर की थी, जब उन्हें चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर एट्स मुकाबले से टीम में शामिल होने का मौका मिला, तो उन्होंने टूर्नामेंट की सबसे शानदार व्यक्तिगत कहानियों में से एक लिख दी। उन्होंने कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक जरूरी सुपर 8 मुकाबले में 97 रन की यादगार नाबाद पारी खेली। इसके बाद मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ सेमी-फाइनल में और अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में दोनों ही मैचों में उन्होंने 89-89 रन बनाए। उनके इन प्रयासों की बदौलत



भारत अपने घरेलू मैदान पर खिताब बचाने में कामयाब रहा और सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का अवॉर्ड मिला।

वहीं बुमराह भारत की हर उस नॉकआउट जीत के केंद्र में रहे, जिसने टीम को खिताब तक पहुंचाया। सेमी फाइनल में जहां इंग्लैंड के खिलाफ ज्यादातर गेंदबाजों ने 9.50 से ज्यादा रन प्रति ओवर दिए, बुमराह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर 1 विकेट लिया। उनके 16वें और 18वें ओवर की कसी हुई गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई और इंग्लैंड लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 रन पीछे रह गया। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 15 रन देकर चार विकेट झटके और अपने घरेलू मैदान पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड जीता। कुल मिलाकर बुमराह ने टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में 12 की औसत और 7 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए।

टी20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों में दक्षिण अफ्रीका के लिए 200 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। चौथे मैच में उन्होंने अपना पहला टी20आई अर्धशतक बनाया और फिर निर्णायक पांचवें मैच में 33 गेंदों पर नाबाद 75 रन की तूफानी पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से सीरीज जिताई। उन्होंने 'प्लेयर ऑफ द मैच' के दो पुरस्कार जीते और 551 रेटिंग अंकों के साथ पुरुषों की टी20आई बैटिंग रैंकिंग में 39वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 5 मैचों के बाद किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा यह चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।


# एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप : प्रीति ने ओलंपिक विजेता को हराया, फाइनल में बनाई जगह



उलानबटोर (मंगोलिया) । उदीयमान भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन हारकर बाहर हो गई । प्रिया और अरूंधति चौधरी ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते । विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता पूजा रानी और अंकुशिता बोरो को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा । एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने तीन दौर के मुकाबले में इम को 5-0 से हराया । अब फाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैम्पियन (2019, 2023, 2025) और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की हुआंग सियाओ वेन से होगा । महिलाओं के 60 किलोवर्ग में प्रिया ने स्थानीय मुक्केबाज नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना उत्तर कोरिया की उन जियोंग वोन से होगा। अरूंधति ने उजबेकिस्तान की ओइशा तोइरोवा को 70 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 4.1 से हराया। अब उनका सामना कजाखस्तान की बेकित सेइदिश से होगा। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत को ओलंपिक पदक विजेता चीन की वू यू ने 51 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 से मात दी। निकहत की इस मुक्केबाज के खिलाफ यह दूसरी हार है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को 75 किलोवर्ग में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता उजबेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा ने 5-0 से मात दी। पहले दौर में बाय मिलने के बाद यह टूर्नामेंट में लवलीना का पहला मुकाबला था। अंकुशिता को चीनी ताइपै की नियेन चिन चेन ने 3-0 से हराया। महिलाओं के 80 किलो वर्ग में पूजा सेमीफाइनल में कजाखस्तान की एन रियाबेत्स से हार गई।

# अब कमेंट्री नहीं कोचिंग पर ही ध्यान देंगे युवराज

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा है अब वह कमेंट्री नहीं करेंगे। इसकी जगह पर कोचिंग और अपने कारोबार पर ध्यान देंगे। युवराज ने बताया कि कमेंट्री खेल पर बात करने का एक अच्छा मंच है पर वह इसलिए इसमें नहीं रहना चाहते हैं क्योंकि कुछ लोगों ने कमेंट्री के दौरान उनके निजी जीवन को लेकर टिप्पणियां की थीं। इसी वजह से वह इससे दूर रहना चाहते हैं। युवराज कहा, अब जब मैं रिटायर हो गया हूं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ लोगों ने मेरे क्रिकेट पर नहीं, बल्कि मुझ पर निजी प्रहार किय। क्रिकेट पर बात करना समझ में आता है, क्योंकि वह खेल का हिस्सा है पर निजी जीवन पर कहना सही नहीं है। युवराज का कहना है कि वह अब कोचिंग के साथ ही अपने कामकाज मे लगे हुए हैं। वह युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रहे हैं और उगे बढ़ाने में सहायता कर रहे हैं ।युवराज पंजाब के युवा खिलाड़ियों जैसे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह के मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने संजू सैमसन को भी कठिन दौर में टिप्स दिये थे। युवराज ने बताया कि उन्होंने संजू सैमसन को तकनीकी रूप से फुटवर्क सुधारने की सलाह दी थी।



# इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन अभी कुछ समय मैदान से दूर रहेंगे

लंदन। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन चोटिल हो गये हैं और ऐसे में आने वाले टूर्नामेंटों में उनका खेलना संदिग्ध नजर आता है। केन को अभ्यास सत्र के दौरान यह चोट लगी थी। इसी कारण उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से दूर रहना पड़ सकता है क्योंकि प्रबंधन उनकी वापसी को लेकर कोई खतरा नहीं उठाना चाहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केन के टखने में चोट लगी है, जिसकी वजह से वह अहम वाले मुकाबलों से बाहर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन को यह चोट अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। इसी कारण वह एक मैत्री मैच में भी नहीं खेल सके। इसके अलावा एक अन्य मुकाबले में आराम दिया गया था, जिससे उनकी फिटनेस को लेकर पहले ही प्रशंसकों को आशंका हो गयी थी। वहीं उनक क्लब के मुख्य कोच ने कहा है कि वह अगले घरेलू लीग मुकाबले में नहीं रहेंगे। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई है कि हेरी शीघ्र ही वापसी करेंगे। वह अंतरराष्ट्रीय क्लब टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसमें उनकी भूमिका निर्णायक हो सकती है। केन का इस सीजन का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने क्लब और राष्ट्रीय टीम की ओर से काफी गोल किये हैं। ऐसे में उनके बार रहने से टीम को नुकसान पहुंचेगा। आने वाले माह में विश्व स्तर का बड़ा टूर्नामेंट भी होना है, ऐसे में टीम प्रबंधन चाहत ही हैरी को पर्याप्त आराम दे दिया जाये जिससे कि वह तय समय तक फिट हो जायें।

# धोनी फिटनेस टेस्ट में पास हुए तो दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल के इस 19 वें सत्र में अपने शुरुआती तीनो ही मैचों में हार के कारण मुश्किलों में फंसी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए राहत की खबर है। टीम को पांच बार खिताब जिताने वाले महेन्द्र सिंह धोनी की अगले मैच में वापसी हो सकती है बशर्ते वह फिटनेस टेस्ट में पास हो जाएं। धोनी काफ इंजरी (पिंडली की चोट) के कारण अब तक इस लीग में नहीं खेल पाये हैं हालांकि उन्होंने अभ्यास शुरु कर दिया है पर उन्हें खेलने की अनुमति फिटनेस टेस्ट में पास होने पर ही मिलेगी। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो वह 11 अप्रैल को चेन्नई में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच से वापसी करेंगे। अगर ऐसा होता है तो सीएसके का मनोबला बढ़ जाएगा। धोनी के नहीं होने पर सीएसके को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। उनके रहने से टीम को मार्गदर्शन मिलता रहता है। इस बार आईपीएल 2026 अंकतालिक में टीम का खाता भी नहीं खुला है और वह सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। सीएसके के लिए इस मैच से युवा डेवाल्ड ब्रेविस भी वापसी कर सकते हैं क्योंकि अब वह भी अपनी चोट से उबर गये हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अगले मुकाबले में अगर धोनी और ब्रेविस खेलते हैं तो इससे सीएसके को काफी लाभ होगा। अगले कुछ दिनों में धोनी का फिटनेस टेस्ट होने की संभावना है और अगर वह इसमें पास हो गए तो चेपॉक में दिल्ली के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। आईपीएल में सीएसके धोनी पर कितना निर्भर है इसका अंदाजा आंकड़ों से होता है। अब तक धोनी ने केवल 8 मुकाबले नहीं खेल हैं। 3 मुकाबले 2010 में, 2 मुकाबले 2019 में और 3 मुकाबले अब तक 2026 में उन्होंने नहीं खेले हैं। हैरानी की बात ये है कि जिन 8 मैचों में एमएस धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं रहे हैं, उनमें से केवल एक ही मैच में सीएसके जीती है। वहीं बचे हुए 7 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है।



# अनीत पड्डा की 'शक्ति शालिनी' में हुई विनीत कुमार की एंट्री

मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की 'थामा' रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री हुई है। इसके बाद इस फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

अनीत पड्डा के प्रमुख भूमिका वाली 'शक्ति शालिनी' अपनी घोषणा के बाद से ही फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस आगामी फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था।

## हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की छठी फिल्म है 'शक्ति शालिनी'

आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'शक्ति शालिनी' मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की 'स्त्री', 'भेड़िया', 'मुंज्या', 'स्त्री 2' और 'थामा' जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी।



# सलमान खान के साथ नयनतारा की बनी जोड़ी!

बॉलीवुड के मेगास्टार सलमान खान की नई फिल्म लेकर एक नया अपडेट है। खबर है कि साउथ के 'ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर' वामशी पेडिपल्ली की इस फिल्म में नयनतारा को कास्ट किया गया है। साउथ सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' कही जाने वाली नयनतारा इससे पहले शाहरुख खान की 'जवान' के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर चुकी हैं। चर्चा ये भी है कि सलमान खान और मेकर्स ने इसकी रिलीज के लिए अगले साल ईद 2027 की तारीख पक्की कर ली है।

सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अपनी इस नई फिल्म का ऐलान किया था। जबकि अब मंगलवार को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने खबर दी है कि नयनतारा को सलमान खान के अपोजिट लीड रोल में कास्ट कर लिया गया है। अभी फिल्म की बाकी कास्ट का ऐलान होना भी बाकी है। इससे पहले सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर इस नए प्रोजेक्ट का ऐलान किया। सलमान खान ने जहां वामशी पेडिपल्ली के साथ फोटो शेयर करते हुए अपने खास अंदाज में लिखा, 'दिल, दिमाग, जिगर से अप्रैल से वामशी पेडिपल्ली और दिल राजू के साथ।' वहीं दूसरी ओर, प्रोडक्शन हाउस ने भी इस घोषणा की पुष्टि करते हुए सलमान को 'एक ऐसी हस्ती बताया, जिन्होंने दुनियाभर के दर्शकों को खुशी के अनगिनत पल दिए हैं। अब वे इस प्रोजेक्ट के लिए 'ब्लॉकबस्टर फिल्ममेकर' वामशी पैडिपल्ली के साथ हाथ मिला रहे हैं।

## बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर होगी फिल्म

नेशनल अवॉर्ड जीत चुके डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली को साउथ सिनेमा का 'ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर' कहा जाता है। यह पहली बार है, जब वह बॉलीवुड के लिए फिल्म बना रहे हैं। बताया जाता है कि फिल्म एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय, दोनों फिल्म इंडस्ट्री के बड़े कलाकारों को शामिल किया जाएगा। मेकर्स ने बयान जारी करते हुए कहा है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर होगी और इसकी शुरुआत 14 अप्रैल से मुंबई में बने एक भव्य सेट से होगी।'

## सलमान की 'मातृभूमि' होगी पोस्टपोन

इस बीच सलमान खान की गलवान युद्ध पर बनी 'मातृभूमि' पोस्टपोन होने की भी चर्चा है। फिलहाल, इसकी रिलीज डेट 17 अप्रैल 2026 है, लेकिन अब खबर है कि यह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 14 अगस्त या आसपास रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग अभी बची हुई है। 'इंडियन आइडल' फेम सिंगर-एक्टर प्रशांत तमांग की मौत के कारण इस वॉर-ड्रामा के कई सीन्स को फिर से शूट किया जा रहा है। बीते दिनों सलीम खान के अस्पताल में भर्ती होने की वजह से इसका आखिरी शेड्यूल प्रभावित हुआ है। वैसे भी अब, 17 अप्रैल को अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' रिलीज होगी। इससे भी साफ है कि अक्षय ने यह फैसला अपने दोस्त सलामन से बातचीत के बाद ही लिया होगा।



# क्या वामिका गब्बी का टूट गया दिल? एक्ट्रेस ने की क्रिप्टिक पोस्ट


शनिवार को वामिका गब्बी ने अपने इंस्टग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। साथ ही एक क्रिप्टिक मैसेज भी साथ में शेयर किया है। अपनी तस्वीरों के साथ वामिका ने कैप्शन में रेड हार्ट और बैंडेज का इमोजी शेयर किया है। इस क्रिप्टिक पोस्ट को जब डिकोड किया जाता है तो पता चलता है कि ऐसे इमोजी हार्टब्रेक के लिए शेयर किए जाते हैं। तो क्या रियल लाइफ में वामिका गब्बी हार्टब्रेक से गुजर रही हैं। इस पोस्ट से तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है। वामिका गब्बी की लव लाइफ की बात करें तो यह पूरी तरह से सीक्रेट है। उनका नाम अब तक किसी एक्टर के साथ भी नहीं जोड़ा गया है। वामिका इन दिनों अपने करियर पर पूरी तरह से फोकस कर रही हैं। 10 अप्रैल को वामिका गब्बी की फिल्म भूत बंगला रिलीज होगी। इसमें वह अक्षय कुमार के अपोजिट नजर आएंगी।



# सत्य घटना पर आधारित होगा अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट

अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच आज अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का एलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। जिसकी रिलीज डेट से भी अजय ने पर्दा उठा दिया है। अजय ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इस पोस्ट में अजय ने हाथ में एक फ्लॉपी डिस्क पकड़ रखी है, जिस पर लिखा है – 'हैप्पी बर्थडे जोशी।' इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। अजय के इस पोस्ट पर विंदू दारा सिंह ने लाल इमोजी बनाया है।





# महाकाली से तेलुगु डेब्यू करेंगे अक्षय खन्ना

## निभाएंगे शुक्राचार्य का रोल

**अक्षय खन्ना इन दिनों काफी चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' में रहमान दकैत का किरदार लोगों को बहुत पसंद आया है। अब उनकी अगली फिल्म 'महाकाली' को लेकर भी फैंस में काफी उत्साह है।**

'धुरंधर' में रहमान डकैत के किरदार से अक्षय खन्ना ने सभी का दिल जीत लिया। 'धुरंधर' के बाद अब वह साउथ फिल्म 'महाकाली' में नजर आएंगे । अक्षय खन्ना के जन्मदिन के मौके पर फिल्म निर्माता प्रशांत वर्मा ने 'महाकाली' फिल्म के सेट से एक खास तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में अक्षय खन्ना शुक्राचार्य के रूप में नजर आ रहे हैं। प्रशांत वर्मा ने अक्षय को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो अक्षय खन्ना सर। आप एक सच्चे अभिनेता हैं। आपने साबित कर दिया कि असली प्रतिभा को शोर-शराबे की जरूरत नहीं होती। आपकी सहज उपस्थिति और दमदार अभिनय हमेशा अलग दिखता है। आपके साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। जल्द ही हम दर्शकों को बताएंगे कि हमने साथ मिलकर क्या बनाया है।'

## कब रिलीज होगी 'महाकाली'

अक्षय खन्ना फिल्म 'महाकाली' में हिंदू पौराणिक कथा के प्रसिद्ध असुर गुरु




शुक्राचार्य का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन पूजा कोल्लुरु कर रही हैं। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें पहले 2024 में 'हनुमान' फिल्म आई थी। आगे 'जय हनुमान' और 'अधिरा' जैसी फिल्में भी आने वाली हैं। यह अक्षय खन्ना की तेलुगु सिनेमा में पहली फिल्म है। फिल्म में मुख्य भूमिका (महिला सुपरहीरो) भूमि शेट्टी निभा रही हैं। 'महाकाली' 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'इक्का' में नजर आएंगे अक्षय खन्ना

अक्षय खन्ना सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा की फिल्म 'इक्का' में भी नजर आने वाले हैं। इसमें अक्षय मुख्य खलनायक की भूमिका करेंगे। फिल्म में सनी देओल, दीया मिर्जा, तिलोत्तमा सोम और संजीदा शेख भी हैं। यह फिल्म सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# समझ और सम्मान ही हर रिश्ते की असली नींव है

शिल्पा शिंदे की बेबाकी हम 'बिग बॉस' में देख चुके हैं। उनके लिए निर्णय लेना सिर्फ अधिकार नहीं, अपनी जगह, पहचान और गरिमा बनाने की प्रक्रिया है। वह मानती हैं कि हर 'न' लड़ाई नहीं होती और हर 'हां' झुकना नहीं। रिश्तों, काम और व्यक्तिगत स्पेस के बीच उन्होंने बार-बार साबित किया है कि असली ताकत टकराव में नहीं बल्कि सही समय पर सही बात कहने की ईमानदार हिम्मत में है। शिल्पा बताती हैं कि समझ और सम्मान ही हर रिश्ते की असली नींव है।

## अपने मुद्दों को सही से भी रखें

शिल्पा शिंदे ने कहा, 'मुझे लगता है कि डिसीजन मेकिंग स्पेस में अपनी खुद की जगह होना बहुत जरूरी है। अब भी बहुत सारे ऐसे घर हैं, जहां लोग बहुत पढ़े-लिखे हैं लेकिन फैसले लेने में महिलाओं को वह स्पेस नहीं दे पाते हैं। तुम चुप रहो, तुम्हें नहीं पता, या यह तुम्हारा काम नहीं है, बहुत सारी महिलाएं ये सब बर्दाश्त करती हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि हर बात पर बगावत करो लेकिन अपने मुद्दे को अच्छे तरीके से भी रखा जा सकता है। दरअसल, बहुत सी महिलाएं फिर बिल्कुल गलत तरीके से बगावत पर उतर आती हैं कि मेरा तो इस घर में जमता नहीं है, मेरा तो इस घर में कुछ हो ही नहीं सकता या मेरी तो कोई सुनता नहीं है। आप अपने मुद्दे को बहुत प्यार से भी रख सकते हो, थोड़ा अलग तरीके से भी रख सकते हो तो यह कोशिश करनी बहुत जरूरी है।'

## स्ट्रॉन्ग होने का मतलब टकराव नहीं

रिश्तों और समाज की ज्यादातर उलझनें लोगों की सोच और व्यवहार के फर्क से पैदा होती हैं। आज कहा जाता है कि महिलाएं बहुत स्ट्रॉन्ग हो गई हैं इसलिए शादियां नहीं चल रहीं, जबकि स्ट्रॉन्ग होने का मतलब टकराव करना नहीं बल्कि जिम्मेदारियों और फैसलों को समझदारी से निभाना है। समाज चाहे जितना आगे बढ़ जाए, मां बनने के बाद महिला की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं और वहीं पति-पत्नी दोनों को मिलकर चलने की जरूरत होती है। यह साझेदारी जब नहीं बन पाती तो रिश्ते में असंतुलन आ जाता है। अंत में किसी भी रिश्ते का सार यही है संतुलन, समझ और समय पर शांत रहना।

## रिश्तों में क्लैरिटी होना बहुत ज़रूरी

देखिए, मेरी नजर में महिलाओं की जिंदगी काफी बदल चुकी है। उन्होंने हर जगह, खासकर डिसीजन मेकिंग में अपने आप को प्रूव किया है। हालांकि, समस्या यह है कि हमारा समाज अब भी कुछ पुरानी धारणाओं पर अटका हुआ है। जैसे हम मेल ईगो बोलते हैं, लेकिन फीमेल ईगो शब्द सुनाई नहीं देता। यानी मान लिया गया है कि ईगो हमेशा पुरुष का ही होता है। अब यहां समझदारी की जरूरत है। अगर एक महिला समझ ले कि सामने वाले में मेल ईगो है तो उसे यह भी समझना होगा कि उसे उस स्थिति में कैसे रिएक्ट करना है। रिश्तों में क्लैरिटी बहुत जरूरी है। जब आप किसी से प्यार करते हैं या किसी परिवार का हिस्सा बनते हैं तो पहले से यह जानना जरूरी है कि सामने वाला कैसा है और कौन-सी बात उसे कहां तक स्वीकार है। हम सबके पास चॉइस हैं। अगर सामने वाला आपको नहीं समझ रहा तो आप समझिए, बातचीत कीजिए और चीजों को बेहतर करने की कोशिश कीजिए।

## सामने वाले को समझिए

शिल्पा ने कहा, मेरी जिंदगी एक ऐसे लेवल पर पहुंच गई थी, जहां मुझे उसी वक्त उसी तरीके से फैसला लेना पड़ा। मैंने शो छोड़ा या कहें कि मैं शो से आउट थी लेकिन उस पल जो निर्णय था, वह बिल्कुल साफ था। मुझे पता है कि मैं सिर्फ इसी एक चीज के लिए पैदा नहीं हुई हूं इसलिए मैंने उस वक्त वो रास्ता नहीं चुना। आज जब मैं वापस हूं और पहले से ज्यादा सम्मान मिल रहा है तो इसका सबसे बड़ा कारण वही है, आप सामने वाले को समझिए कि उसे क्या चाहिए। मैं उस वक्त भी प्रोड्यूसर का पॉइंट समझ रही थी लेकिन बीच में किसी तीसरे ने आग लगाई थी। उन्होंने मेरे साथ चीजें डिस्कस ही नहीं कीं। अब हालात अलग हैं। आज मुझे पता है कि उन्हें कैसे संभालना है। उन्हें भी पता है कि मुझे कैसे ट्रीट करना है।

## गलत नहीं हैं तो झुकना नहीं चाहिए

मुझे नहीं लगता कि मैंने कोई गलती की थी। हां, कुछ लोग बहुत डिप्लोमैटिक होते हैं लेकिन मैं जिस चीज को कर सकती हूं, उसे मैं गलती नहीं मानती। परिस्थितियां जैसी बनीं, वहीं रहकर उन्हें समझना जरूरी था। इसका मतलब यह नहीं कि आप झुककर रहें। अगर आप गलत नहीं हैं तो आपको झुकना नहीं चाहिए। गलत चीज को इतना बड़ा भी न बनाइए कि हर समय 'मेरे साथ गलत हुआ' ही लगता रहे। आप जब सच में गलत नहीं हैं, तब डरने की कोई वजह नहीं होती। मैं आज भी यहां इसलिए हूं क्योंकि मैंने कुछ गलत नहीं किया था।

